उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक– 6966 /चयन/164–2021/2021–22 दिनांक 22 फरवरी, 2022

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 03/2013 संस्था प्रधान के प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 31.12.2013 में संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 06.02.2014 को जारी हुई जिसमें आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2014 थी।

2. आवेदन की अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी सूचना के अनुसर उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(4)(ग)(पॉच) में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए शैक्षिक अर्हता, अनुभव, ख्याति प्राप्त पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध–पत्र, डॉक्टर की उपाधि या एम0एड0 के लिए निर्धारित अंक के आधार पर सभी अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की गयी है।

3. प्रश्नगत विज्ञापन में मण्डलवार, वर्गवार (बालकों के इंटरमीडिएट कॉलेज वर्ग –01, बालिकाओं के इंटरमीडिएट कॉलेज वर्ग –02, बालकों के हाईस्कूल वर्ग –03 एवं बालिकाओं के हाईस्कूल वर्ग –04) विज्ञापित संस्था प्रधान पदों के सापेक्ष मेरिट क्रम से एक संस्था हेतु 5 गुना एवं प्रत्येक विज्ञापित संस्था के 02 ज्येष्ठतम अध्यापकों को सम्मिलित करते हुये अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 22.03.2022 से दिनांक 30.03.2022 तक बोर्ड द्वारा निम्नानुसार तय किया गया है :–

क्र0सं0	साक्षात्कार तिथि	साक्षात्कार होने वाले मण्डल का नाम
1.	22.03.2022 से 23.03.2022	लखनऊ एवं अलीगढ
2.	24.03.2022 से 25.03.2022	गोरखपुर, सहारनपुर एवं चित्रकूट
3.	26.03.2022 से 27.03.2022	प्रयागराज, बस्ती, बरेली एवं अयोध्या
4.	28.03.2022 से 30.03.2022	आगरा, मुरादाबाद, वाराणसी, मिर्जापुर एवं झॉसी

4. उपरोक्त साक्षात्कार क्रमानुसार तिथिवार, वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची चयन बोर्ड के वेबसाइट पर प्रदर्शित है। सूची में अंकित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि दिशानिर्देशों का भली–भॉति अध्ययन करके पोर्टल पर अपने से वांछित विवरण की प्रविष्टि करते हुए साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करें। तदनुसार नियत तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु चयन बोर्ड कार्यालय में मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित हों।

5. प्रथम बैच के अभ्यर्थियों के लिए रिर्पोटिंग का समय प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तथा द्वितीय बैच के अभ्यर्थियों के रिर्पोटिंग का समय अपराह्न 01:00 बजे से 04:00 बजे तक है। यह साक्षात्कार कार्यक्रम अवमानना याचिका संख्या 3069/2021 मनीष कुमार त्रिपाठी के केस में दाखिल प्रतिशपथपत्र के दृष्टिगत निश्चित किया गया हैं।

6. विज्ञापन वर्ष 2011 कानपुर मण्डल संस्था प्रधान का साक्षात्कार दिनांक 31.03.2022 एवं दिनांक 01.04.2022 को बोर्ड द्वारा निर्धारित है जिसके लिए पृथक से साक्षात्कार पत्र **रजिस्ट्री डाक** द्वारा भेजा जायेगा। **यहॉ यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि विज्ञापन संख्या 03/2013 संस्था प्रधान के लिए साक्षात्कार पत्र डाक से नहीं भेजे जायेंगे, उसे बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किया जायेगा।**

7. **महत्वपूर्ण अनुदेश :–**

    i. अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि साक्षात्कार हेतु नियत तिथि व समय में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नही होगा।

    ii. प्रथम एवं द्वितीय बैच के अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिग का अन्तिम समय क्रमशः प्रातः 11:00 बजे तथा सायं 4:00 बजे है, तदुपरान्त अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

    iii. अभ्यर्थियों को फेसमास्क, हैण्डग्लब्स एवं सैनेटाइजर साथ लेकर आना अनिवार्य होगा, इसके अभाव में साक्षात्कार हेतु चयन बोर्ड परिसर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। कोविड–19 के सम्बन्ध में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना होगा।

    iv. चयन बोर्ड परिसर के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग एवं सैनेटाइजर की व्यवस्था रहेगी। सभी अभ्यर्थियों को सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

    v. अनुशासनहीनता, अशान्ति फैलाने अथवा साक्षात्कार कार्य में बाधा डालने पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित किया जा सकता है तथा भविष्य की सभी परीक्षाओं से डिबार किया जा सकता है। अतः सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि साक्षात्कार प्रक्रिया में शान्ति बनाये रखें।

22-02-2022

सचिव